समाचार

जनसमस्याओं एवं शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकृत कराएं–आयुक्त

(आयुक्त श्री राहुल देव ने ली अधिकारियों की बैठक, समयसीमा के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की, निर्माण व विकास कार्यो में गति लाने तथा जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने के दिए निर्देश)

कोरबा 07 नवम्बर 2019 –आयुक्त श्री राहुल देव ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि आमजन की शिकायतों एवं उनकी समस्याओं का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए तथा जनसमस्याओं के प्रति पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य हों यह सुनिश्चित करें, जनसुविधा से जुड़े विकास व निर्माण कार्यो को प्राथमिकता के साथ संपादित कराएं, अप्रारंभ कार्यो को त्वरित रूप से प्रारंभ करें तथा प्रगतिरत कार्यो को समयसीमा में पूरा करें।

उक्ताशय के निर्देश आयुक्त श्री देव ने निगम अधिकारियों की समयसीमा की बैठक के दौरान दिए। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में बुधवार को आयुक्त श्री राहुल देव ने समयसीमा की बैठक ली। उन्होने समयसीमा के प्रकरणों, निदान 1100 के तहत प्राप्त शिकायतों, लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त प्रकरणों तथा विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित प्राप्त पत्रों के निराकरण की कार्य प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की तथा इनसे संबंधित प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयसीमा के अंदर किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

सड़क मरम्मत कार्यो में और अधिक तेजी लाएं– बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने जोन कमिश्नरों को निर्देश देते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में स्थित मरम्मत योग्य सड़कों के किए जा रहे मरम्मत कार्यो में और अधिक तेजी लाएं, आवश्यकतानुसार डामरीकरण व सीमेंट कांक्रीट का उपयोग कर मरम्मत कार्य सुनिश्चित करें। उन्होने दर्री बराज डैम स्थित सड़क के मरम्मत कार्य में तेजी लाकर उसे तत्काल

पूर्ण करने के निर्देश दिए, साथ ही निगम क्षेत्र की सभी सड़कों की मरम्मत व सुधार का कार्य सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निगम के विभिन्न कार्यो की समीक्षा – बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने भवन निर्माण अनुमति, नल कनेक्शन, अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण, पेंशन प्रकरण, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाईट संधारण, जन्म–मृत्यु पंजीयन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, हैण्डपम्प मरम्मत, आवारा पशु नियंत्रण, सी.एण्ड डी. वेस्ट सहित अन्य विभिन्न कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की तथा कार्यो में गति लाने के संबंध में अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया।

अप्रारंभ कार्यो को शीघ्र प्रारंभ कराएं– आयुक्त श्री देव ने निगम के विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए जोन कमिश्नरों को निर्देश दिए कि जिन निर्माण कार्यो की निविदा आदि की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, उन कार्यो को त्वरित रूप से प्रारंभ कराएं तथा प्रगतिरत विकास कार्यो में तेजी लाकर निर्धारित समयसीमा में कार्यो को पूरा किया जाना सुनिश्चित करें, साथ ही स्वीकृत कार्यो की निविदा आदि की कार्यवाही भी त्वरित रूप से सम्पन्न कराएं।

साफ–सफाई पर विशेष फोकस– बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने निगम के साफ–सफाई कार्यो की विस्तार से समीक्षा की तथा स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि साफ–सफाई कार्यो पर विशेष फोकस रखें, कार्यो की नियमित मानीटरिंग स्वच्छता अधिकारी एवं निरीक्षक स्वयं करें तथा यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित मानकों के अनुरूप सफाई कार्य हो रहे हैं। उन्होने कहा कि नालियों, सड़कों आदि की सफाई के पश्चात कचरे का तुरंत उठाव एवं परिवहन हों, ताकि स्थल पर कचरा ज्यादा समय तक न पड़ा रहा, उन्होने एस.एल.आर.एम.सेंटर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने तथा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक टिप्स दिए।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 की तैयारियों में तेजी लाएं– आयुक्त श्री देव ने निगम के जोन कमिश्नरों, जोन प्रभारियों एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण का कार्य किया जाना हैं, अतः स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के संबंध में निगम द्वारा की जा रही तैयारियों में तेजी लाएं, आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें, कार्य क्षेत्र में भ्रमण के दौरान साफ–सफाई पर नजर रखें तथा आपसी समन्वय बनाकर स्वच्छता की दिशा में कार्य करें।

बैठक के दौरान निगम के अपर आयुक्त अशोक शर्मा, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, अधीक्षक अभियंता ग्यास अहमद, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, आर.के. चौबे, आर.के. माहेश्वरी, भूषण उरांव, आर.के. भोजासिया, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, सम्पत्तिकर अधिकारी श्रीधर बनाफर, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर, तपन तिवारी, एन.के. नाथ, अखिलेश शुक्ला, राकेश मसीह, योगेश राठौर, विनोद शांडिल्य, एच.आर.बघेल, प्रकाश चन्द्रा, विपिन मिश्रा, राहुल मिश्रा, रमेश सूर्यवंशी, प्रोग्रामर जमुना नायक, आनंद राठौर, सुनील वर्मा, आदि के साथ अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।